प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कल सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जायेंगे। इसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान दलों को जिले के कोऑपरेटिव कॉलेज से ईवीएम के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

****

स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो के द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि हमने नोटिफिकेशन एवं ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट राज्य इलेक्शन कमीशन को दे दिया है। इसके बाद राज्य इलेक्शन कमीशन द्वारा बताया गया कि बीसी वन और बीसी टू के लिए आरक्षण तय करने में समय लग रहा है। इसलिए तीन महीने का और समय चाहिए किन्तु न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया और अगली सुनवाई में चुनाव की निश्चित तारीख के साथ न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

****

झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत कल राजधानी रांची सहित राज्यभर में "रन फॉर झारखंड" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रांची में यह कार्यक्रम मोराबादी स्टेडियम से सैनिक मार्केट तक सुबह साढ़े छह बजे शुरू होगा। रांची के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने आज कार्यक्रम वाले मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला प्रशासन तत्पर है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 12 नवंबर को होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। इस बैठक में पेसा नियम, पथ, ऊर्जा, कृषि सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों पर मंजूरी मिल सकती है।

****

राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–एसआईआर की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पदाधिकारी आगामी एसआईआर में सुविधा के लिए वर्तमान मतदाता सूची का 2003 के मतदाता सूची से अधिक से अधिक मैपिंग करना सुनिश्चित करें।

****

पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को 48 लाख रुपये के गबन के मामले में पुलिस द्वारा दी गयी क्लीन चिट को न्यायालय में चुनौती दी गयी है। गबन का यह मामला प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अंबा परिवार के खिलाफ दर्ज ईसीआईआर में शामिल है। इस मामले में दायर प्रोटेस्ट पीटिशन को न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। इसमें क्लीन चिट देने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

****

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस को लेकर गढ़वा जिले में वृहद कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाई गयी है। जिला प्रशासन द्वारा इस क्रम में 11 नवंबर से 29 नवंबर पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची में अवैध शराब के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की है। एसएसपी राकेश रंजन को मिली सूचना के आधार पर देर रात नामकुम थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने एक कंटेनर को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई है।

********समाप्त*******